an>

Title: Need to introduce online system of booking appointment with doctors and also provide online medical facilites in state and district hospitals.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर) ः जैसा कि हमने हाल ही में देखा है कि दिल्ली के एम्स चिकित्सालय में केंद्र सरकार ने ऑनलाइन अपॉइंटमेंट चालू किया है जिससे मरीज़ घर बैठे ही अपनी अपॉइंटमेंट बुक करा सकता है और साथ ही डॉक्टर की उपलब्धता पता लगा सकता है। ठीक इसी तरह देश के राज्य चिकित्सालयों एवं जिला चिकित्सालयों में भी ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की शुरूआत की जानी चाहिए इसके लिए एक चिकित्सालय का ""मोबाइल एप"" होना चाहिए जिसमें मरीज अपनी जानकारी डालते ही अपॉइंटमेंट और डॉक्टर की उपलब्धता जान सके। इसी मोबाइल एप में दवाइयों की जानकारी भी उपलब्ध होनी चाहिए ताकि मरीज जरूरत की दवाई की जानकारी उसमें डालकर उपलब्धता पता लगा सके। इससे मरीजों को लंबी लाईनों की झंझट से निज़ात मिलेगी साथ ही नःशुल्क दी जाने वाली दवाइयों की निगरानी हो सकेगी। हाल ही में दवाओं की उपलब्धता में कुछ गड़बड़ियां सामने आई हैं और खुले बाज़ारों में बिक्री के मामले भी सामने आए हैं। इन पर रोक लगाने के लिए ऑनलाइन सिस्टम कारगर होगा।

इसके अलावा, डॉक्टर के चिकित्सालय न आने और मौजूद न रहने की घटनाओं में भी कमी आएगी। इससे हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी का ""डिजीटल इंडिया""" का सपना साकार होगा और मरीज़ों को आसानी भी होगी। इससे दवाओं की ट्रैंकिंग से सरकार के अनावश्यक खर्चों में बचत होगी।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि इस प्रकार की सुविधा देश के सभी राज्य चिकित्सालयों एवं जिला चिकित्सालयों में अति शीघ्र शुरू की जाए।